# छतरपुर के विकास के लिए वित्तमंत्री से मांगा गया फंड

## आंबेडकर पार्क, बस स्टैंड, टाउन हॉल व ट्रॉमा सेंटर सहित कई योजनाओं का प्रस्ताव

नवीन मेल संवाददाता



**छतरपुर (पलामू)।** नगर पंचायत छतरपुर के समेकित विकास को लेकर नगर पंचायत सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में उपाध्यक्ष एवं सभी वार्ड पार्षदों ने झारखंड के वित्तमंत्री सह स्थानीय विधायक को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अंबेडकर पार्क निर्माण, होल्डिंग टैक्स में राहत, बस स्टैंड, नगर पंचायत कार्यालय भवन एवं टाउन हॉल निर्माण सहित कई योजनाओं के लिए फंड की मांग की गई। इसके अलावा अनुमंडलीय अस्पताल में ट्रॉमा सेंटर निर्माण, बाजार परिसर में मार्केट कॉम्पलेक्स तथा विभिन्न स्थानों पर व्यवसायिक दुकानों के निर्माण का प्रस्ताव भी रखा गया। साथ ही दुर्गा मंदिर रामगढ़ से बारा केवाल होते हुए बारा गांव तक लगभग तीन किलोमीटर सड़क निर्माण, निबंधन कार्यालय एवं फायर ब्रिगेड कार्यालय की स्थापना की मांग भी उठाई गई। वित्तमंत्री ने सभी प्रस्तावों पर सकारात्मक पहल करते हुए प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति दिलाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष मंजीत यादव, सभी वार्ड पार्षद एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# मदारीहाट विधानसभा क्षेत्र के लिए कांग्रेस के प्रेक्षक बने सत्यनारायण सिंह

नवीन मेल संवाददाता



**मोहम्मदगंज।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव एवं स्थानीय निवासी सत्यनारायण सिंह को पश्चिम बंगाल के मदारीहाट विधानसभा क्षेत्र के लिए पार्टी का प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि उन्हें यह जिम्मेदारी एआईसीसी के महासचिव एवं पश्चिम बंगाल प्रभारी गुलाम अहमद मीर द्वारा सौंपी गई है। इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, पश्चिम बंगाल प्रभारी गुलाम अहमद मीर एवं प्रदेश अध्यक्ष शुभंकर सरकार सहित सभी वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे पार्टी नेतृत्व के भरोसे पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे।

## न्यूज बॉक्स

### आंबेडकर जयंती पर बुजुर्गों का सम्मान

**हुसैनाबाद (पलामू)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में आंबेडकर जयंती के अवसर पर दादा-दादी एवं नाना-नानी सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति, पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों की सुंदर झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और शिक्षा के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने वातावरण को उल्लासमय बना दिया। समारोह का मुख्य आकर्षण बुजुर्गों का सम्मान रहा, जिसमें लगभग 86 बुजुर्गों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य कुशजी पांडेय ने कहा कि अंबेडकर ने शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम बताया है। हमें उनके आदर्शों को अपनाकर समरस समाज के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्य-आचार्याओं का सराहनीय योगदान रहा।

### रविदास टोला में मनाई गई आंबेडकर जयंती

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड अंतर्गत गोड़ाडीह पंचायत मुख्यालय स्थित रविदास टोला में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके बताए मार्ग पर चलकर समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में उपमुखिया निलेश कुमार सिंह के अलावा उदय नारायण सिंह, संजय राम, अर्जुन यादव, शशि पासवान, खखन राम, नंदु राम, सरजू राम, मुन्ना राम, संतोष राम और सुरेश राम सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे। इस दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला।

### आंबेडकर जयंती पर शिक्षा और समानता का संदेश

**हैदरनगर।** हैदरनगर प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय गोल्हना में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रभारी प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके विचारों को स्मरण किया गया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज में समानता, शिक्षा और अधिकारों के लिए जो संघर्ष किया, वह आज भी प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने छात्रों को उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इसमें वार्ड सदस्य बच्चन सिंह, अरुण सिंह सहित विद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रही।

### आंबेडकर जयंती पर समता स्कूल में आयोजित हुआ समारोह

**हुसैनाबाद।** शहर के अमन-चैन मोहल्ला स्थित तथा जपला-छतरपुर रोड के नहर मोड़ के समीप समता स्कूल परिसर में 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती केक काटकर एवं पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई। इस अवसर पर स्कूल निदेशक सह प्रधानाचार्य डॉ. अक्षय कुमार चौहान ने कहा कि डॉ. आंबेडकर भारतीय संविधान के जनक, महान समाज सुधारक, अर्थशास्त्री एवं शोषित-वंचितों के मसीहा थे। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष करते हुए देश के पहले कानून मंत्री के रूप में कार्य किया और शिक्षा, समानता एवं न्याय के लिए अपना जीवन समर्पित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### आंबेडकर जयंती पर निकली भव्य रैली

**नौडीहा।** प्रखंड क्षेत्र में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर बारा मोड़ से नौडीहा बाजार होते हुए डूमरी तक मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। रैली के दौरान लोगों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने संविधान के माध्यम से गरीब, दलित एवं शोषित वर्गों को अधिकार दिलाए। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य सुदामा प्रसाद, प्रखंड प्रमुख सहित मुखिया जितेंद्र कुमार भारती, रामचंद्र राम, जितेंद्र पासवान, रविंद्र यादव समेत कई लोग उपस्थित रहे।

### जय भीम के नारों से गूंजा छतरपुर

**छतरपुर।** अनुमंडल क्षेत्र के फुलवारी मैदान सहित विभिन्न स्थानों पर डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर खजरी, नौडीहा, कर्मा, चरई एवं अन्य क्षेत्रों से लोग झांकियों के साथ पहुंचे और बाबा साहब की जीवनी पर चर्चा की। डाली पंचायत के कौशल नगर, मोहनलाल खुर्जा एवं पार्वती देवी पार्क में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल के नेतृत्व में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में ग्रामीण, महिलाएं, युवा और बच्चे शामिल हुए। जिला पार्षद ने कहा कि बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने शिक्षा को सबसे बड़ी ताकत बताते हुए सभी से बच्चों को शिक्षित बनाने का आह्वान किया।

### धूमधाम से मनी बाबा साहब की 135वीं जयंती

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय रविवारीय साप्ताहिक बाजार प्रांगण स्थित प्रतिमा स्थल पर मंगलवार को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मोमबत्ती जलाकर और माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम का आयोजन अंबेडकर विचार संघर्ष समिति के तत्वावधान में हुआ, जिसकी अध्यक्षता सुनेश राम ने की। समारोह को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी रणवीर कुमार ने कहा कि बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। राजनीतिक विश्लेषक डॉ. आर.सी. मेहता ने कहा कि डॉ. अंबेडकर इस युग में देवतुल्य हैं और उन्होंने संविधान के माध्यम से वंचित वर्गों को अधिकार दिलाए। कार्यक्रम में रामजन्म राम, रामबचन मेहता, डॉ. पंचू रजवार, मनजीत मेहता, विश्वनाथ मेहता, रानी देवी, गणेश मेहता सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे। आयोजन को सफल बनाने में मंटू दास, विनोद पासवान, कपिलदेव नारायण सिंह, रामरेखा मेहता सहित अन्य का योगदान रहा।

# भीषण अग्निकांड : मकान जलकर खाक, 50 हजार नगद समेत आठ लाख संपत्ति की क्षति

- मच्छर भगाने वाली अगरबत्ती से लगी आग

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पनेरीबांध गांव में सोमवार की रात एक भीषण अग्निकांड में दिलीप पाठक का खपड़ापोस मकान जलकर पूरी तरह खाक हो गया। इस घटना में 50 हजार रुपये नगद सहित करीब आठ लाख रुपये मूल्य की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई। आग की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आग पर काबू पाने में अग्निशमन दल और ग्रामीणों को करीब तीन घंटे तक कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। जानकारी के अनुसार सोमवार रात लगभग 10:30 बजे घर के भीतर जलाए गए मच्छर भगाने वाली अगरबत्ती से आग लग गई। उस समय घर के सभी सदस्य सोए हुए थे, जिसके कारण आग लगने की जानकारी समय पर नहीं हो सकी। देखते ही देखते कंडी-बांस से बने कच्चे मकान में आग तेजी से फैल गई और पूरा घर आग की चपेट में आ गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए घर के सदस्यों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए और मोटर पंप की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। इसी बीच फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से लगातार तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग को पूरी तरह बुझाने में रात करीब 2:00 बजे तक का समय लगा। इस भीषण हादसे के बाद पूरा परिवार बेघर हो गया है और फिलहाल उन्हें अपनी बेटी के घर में शरण लेनी पड़ रही है। शादी की तैयारियों के बीच अचानक हुई इस घटना ने पूरे परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को अविलंब सहायता प्रदान करने की मांग की है, ताकि वे इस कठिन परिस्थिति से उबर सकें।

### शादी की तैयारियों के बीच बड़ा नुकसान

पीड़ित दिलीप पाठक ने बताया कि उनके परिवार में पांच बेटियां हैं। कच्चे मकान में उनकी दो बेटियां अपने परिवार के साथ रह रही थीं, जबकि अन्य तीन बेटियों के घर पास में ही हैं। घटना के समय दिलीप पाठक और उनकी पत्नी घर पर मौजूद नहीं थे। दोनों मंगलवार सुबह गांव पहुंचे और तब उन्हें इस बड़े नुकसान की जानकारी मिली। दिलीप पाठक ने बताया कि उनकी एक नतनी की शादी की तैयारी चल रही थी और जल्द ही सगाई होनी थी। इसके लिए घर में पहले से ही कई आवश्यक सामान खरीदकर रखे गए थे। लेकिन इस अग्निकांड में सगाई से जुड़े सभी सामान, सोने-चांदी के जेवरात, नगद 50 हजार रुपये, खाद्य सामग्री, पहनने-ओढ़ने और बिछाने के कपड़े, फर्नीचर समेत अन्य जरूरी सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए।

# जपला-छतरपुर मार्ग पर सड़क हादसा, तीन युवक गंभीर घायल



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जपला-छतरपुर मुख्य सड़क पर सोमवार देर शाम एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, रतनाग गांव निवासी दिलीप कुमार रवि, सूरज कुमार और सुमित कुमार पासवान हुसैनाबाद से लौट रहे थे, तभी गम्हरबीघा के समीप उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गिर गई। स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस द्वारा तीनों घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक युवक की स्थिति गंभीर होने पर उसे मेडिकल कॉलेज मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया।

# आठ वर्षों बाद भी नहीं हट सका अतिक्रमण प्रशासनिक शिथिलता पर उठे सवाल

नवीन मेल संवाददाता




**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड मुख्यालय के चौक बाजार स्थित प्लॉट संख्या 2901 के सामने सार्वजनिक भूमि पर अवैध अतिक्रमण का मामला पिछले आठ वर्षों से सुर्खियों में है। इसके बावजूद अब तक ठोस कार्रवाई नहीं होने से प्रशासनिक शिथिलता पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों में इसको लेकर भारी आक्रोश है। शिकायतकर्ता रत्नेश कुमार कश्यप, जयप्रकाश कुशवाहा, बिरजू मेहता सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि उक्त स्थान पर वर्षों से अस्थायी शेड, सब्जी एवं फल की दुकानें लगाकर कब्जा किया गया है, जिससे मुख्य सड़क संकरी हो गई है। इससे आमजन एवं विशेषकर आपातकालीन सेवाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया गया कि अंचल कार्यालय हैदरनगर द्वारा वर्ष 2018 से 2025 तक चार बार नोटिस देने और सीमांकन की प्रक्रिया पूरी करने के बावजूद अतिक्रमण हटाने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ज्ञापांक 176, दिनांक 03.05.2018 से लेकर हालिया नोटिस तक कार्रवाई कागजों तक ही सीमित रही है। मुकेश कुमार, जितेंद्र प्रसाद, राकेश कुमार प्रसाद, अजीत कुमार, श्रुति कुमारी, अर्चित कुमार, बीरेंद्र प्रसाद, संतोष कुमार गुप्ता, बिरजू मेहता, जयप्रकाश कुशवाहा, जावेद खान सहित कई ग्रामीणों ने अंचल अधिकारी को आवेदन देकर अतिक्रमण हटाने की मांग की थी, लेकिन डेढ़ माह बाद भी कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि 10 मई 2025 से शुरू "अतिक्रमण हटाओ अभियान" भी अब ठप पड़ चुका है। छोटे अतिक्रमणों पर कार्रवाई कर अभियान को सीमित कर दिया गया है, जिससे बड़े अतिक्रमणकारी निर्भीक हो गए हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे जनहित याचिका दायर करेंगे। अब सवाल यह है कि आम जनता को इस समस्या से कब राहत मिलेगी।

# बेदौलिया स्कूल में 34 बच्चों को मिला पोशाक किट

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेदौलिया में सत्र 2025-26 के तहत कक्षा प्रथम एवं द्वितीय के 34 बच्चों के बीच पोशाक का वितरण किया गया। सरकार के मापदंड के अनुरूप बच्चों को पोशाक के साथ जूते-मोजे और स्वेटर भी उपलब्ध कराए गए। वितरण कार्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक जयप्रकाश शर्मा एवं विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष प्रभा देवी द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक जयप्रकाश शर्मा ने कहा कि बच्चों को विद्यालय से जोड़ने और उनमें समानता की भावना विकसित करने में पोशाक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को प्रतिदिन साफ-सुथरी पोशाक में विद्यालय भेजें, ताकि उनमें अनुशासन और पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़े। कार्यक्रम में शिक्षक हरिश्चंद्र प्रमाणिक, रामनाथ राम, मोहम्मद सरवर आलम सहित कई छात्र उपस्थित रहे।

## कब्रिस्तान बाउंड्री निर्माण को लेकर भगड़ा गांव में आज होगी लाभुक समिति का चयन

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड अंतर्गत लटपौरी पंचायत के भगड़ा में कब्रिस्तान की बाउंड्री निर्माण को लेकर लाभुक समिति का चयन बुधवार को किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए मुखिया उमेश राम ने बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी रणवीर कुमार के पत्र के आलोक में पंचायत सचिवालय द्वारा सूचना जारी कर दी गई है। आदेशानुसार निर्धारित स्थल पर पूर्वाह्न 11:30 बजे आयोजित ग्राम सभा में लाभुक समिति का चयन किया जाएगा। इसमें भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए राजस्व ग्राम के सभी वयस्क सदस्यों की पहचान पत्र के साथ उपस्थिति अनिवार्य की गई है।

# वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल जयंती पर भव्य दोगोला कार्यक्रम



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के चौआ चट्टान में वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल की जयंती पर भव्य दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि जितेंद्र पासवान ने कहा कि बाबा चौहरमल केवल एक समुदाय के नहीं, बल्कि पूरे समाज के महान योद्धा और समरसता के प्रतीक थे। उन्होंने अन्याय, जातिगत भेदभाव और सामाजिक अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई और शोषितों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। आयोजन ने सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखने का कार्य किया।

## मेहरून निशा का निधन, देवरी कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के देवरी कला पंचायत के सुखन बीघा निवासी सेवानिवृत्त विपणन पदाधिकारी हबीब खान एवं शिक्षक हाफिज खान की 89 वर्षीय माता मेहरून निशा का निधन उनके आवास पर हो गया। वे अपने पीछे दो पुत्र, एक पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके निधन की सूचना मिलते ही आवास पर परिजनों एवं शुभचिंतकों की भीड़ उमड़ पड़ी और सभी ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। मंगलवार को दोपहर दो बजे देवरी कला कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इस मौके पर शेर अली, आरजू खान, निजाम खान, तनवीर अहमद उर्फ बब्लू, मुखिया मनोज भारती, शमशेर खान, शरीफ खान, पूर्व मुखिया रामाशंकर चौधरी, मन्नू पांडेय सहित कई लोगों ने शोक व्यक्त किया।

# ग्रामीण अंचलों में धूमधाम से मना सतुआन पर्व

## घड़ा, सत्तू व आम का विशेष महत्व, मांगलिक कार्य शुरू

नवीन मेल संवाददाता



**मोहम्मदगंज।** परंपरा के अनुसार वैशाख कृष्ण पक्ष की द्वादशी तिथि को मंगलवार के दिन मेष संक्रांति के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में लोक आस्था का प्रमुख पर्व सतुआन श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर गांवों में पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए नए घड़े की विधिवत पूजा-अर्चना की गई और इसके उपयोग की शुरुआत की गई। पर्व को लेकर क्षेत्र के रविवारीय बाजारों एवं कुम्हार समाज के घरों में विशेष चहल-पहल देखी गई, जहां लोगों ने नए मिट्टी के घड़ों की जमकर खरीदारी की। मान्यता है कि इस दिन नए घड़े का उपयोग शुभ माना जाता है और यह सुख-समृद्धि का प्रतीक होता है। सतुआन पर्व के अवसर पर लोगों ने नव उपज चना और जौ से बने सत्तू का सेवन किया। इसके साथ ही आम, गुड़, हरी मिर्च, मूली और अचार जैसे पारंपरिक खाद्य पदार्थों का भी विशेष महत्व रहा। ग्रामीणों ने परिवार के साथ इन व्यंजनों का आनंद लिया और एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन स्नान-ध्यान कर सत्तू, घड़ा और अन्य सामग्री का दान करना अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। कई श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए छेद वाले घड़े में जल भरकर शिवलिंग पर निरंतर जल अर्पण की परंपरा की शुरुआत की। स्थानीय लोगों के अनुसार सतुआन पर्व के साथ ही खरमास की समाप्ति हो जाती है, जिसके बाद विवाह, गृह प्रवेश सहित अन्य मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो जाती है। इस प्रकार यह पर्व न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक दृष्टिकोण से भी विशेष महत्व रखता है और ग्रामीण जीवन की परंपराओं को सहेजने का कार्य करता है।

# अंतरजिला चोरी गिरोह का खुलासा, कई थानों के मामलों से जुड़े आरोपी गिरफ्तार

- बंद घरों की रेकी कर करते थे चोरी, सोना-चांदी गलाकर मिटाते थे साक्ष्य
- आभूषण, हथियार व मोटरसाइकिल बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पंडवा थाना कांड संख्या-16/20, 10 मार्च 2020 से जुड़े बहुचर्चित चोरी मामले में पुलिस ने अंतरजिला सक्रिय एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। यह मामला वादी मिथलेश कुमार मेहता, पिता राम प्रसाद मेहता, निवासी ग्राम छिछीपरी, थाना पंडवा के आवेदन के आधार पर दर्ज किया गया था, जिसमें कुन्दन कुमार मेहता, पंकज प्रसाद एवं गोलू सुनार पर बंद घर से सोना-चांदी के जेवरात व नगदी चोरी करने का आरोप लगाया गया था।

मामले के दर्ज होने के बाद से तीनों आरोपी फरार चल रहे थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुन्दन कुमार मेहता और पंकज कुमार उर्फ पंकज गुप्ता को छतरपुर थाना क्षेत्र के खाटीन गांव स्थित जनार्दन कुमार राम के किराये के मकान से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद गहन पूछताछ में आरोपियों ने पलामू जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कई चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की।

पुलिस के अनुसार गिरोह के सदस्य बंद पड़े घरों की पहले रेकी करते थे और मौका मिलते ही चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। चोरी के दौरान ये लोग ताला, दरवाजा और आलमारी का लॉक तोड़ने के लिए विशेष प्रकार के लोहे के हथौड़े का उपयोग करते थे। साथ ही ये आरोपी छत के रास्ते या छोटे रास्तों से घर में प्रवेश करने में भी माहिर बताए गए हैं।

पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ कि चोरी के बाद ये लोग आभूषणों को स्थानीय सुनारों के माध्यम से तुरंत गलवा देते थे, ताकि साक्ष्य मिटाया जा सके। पुलिस ने अनुसंधान के क्रम में ऐसे सुनारों की पहचान कर उनसे भी पूछताछ की, जहां चोरी के आभूषण बेचे जाते थे।

पुलिस ने आरोपियों के पास से नौडीहा बाजार थाना कांड संख्या-31/2026 से संबंधित आभूषण भी बरामद किए हैं, जिनका विवरण प्राथमिकी में दर्ज चोरी गए सामान से पूरी तरह मेल खाता है। इसके अलावा आरोपियों की निशानदेही पर अन्य मामलों में चोरी किए गए चांदी के बर्तन और आभूषण भी बरामद किए गए हैं।

### बरामद सामानों में शामिल हैं

चांदी के बर्तन, मछली, सिल्वा, पायल, बिछिया, अंगूठी, सोने का कान का रिंग, चांदी का चेन, पीतल का बर्तन, घटना में प्रयुक्त लोहे का हथौड़ा, चोरी के पैसों से खरीदी गई मोटरसाइकिल, पांच मोबाइल फोन तथा सुनार द्वारा आभूषण खरीद-बिक्री का हिसाब रखने वाले रजिस्टर व नोटपैड। पुलिस ने इस मामले में कुन्दन कुमार मेहता (20 वर्ष), पंकज कुमार उर्फ पंकज गुप्ता (21 वर्ष), किशन कुमार मेहता उर्फ अविनाश मेहता (18 वर्ष) तथा संजीव कुमार गुप्ता उर्फ गोलू (23 वर्ष) सहित अन्य को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक सुनार अनुरंजन सोनी को भी हिरासत में लिया गया है, जो चोरी के आभूषणों के लेन-देन में संलिप्त पाया गया है। इस पूरे मामले के उद्भेदन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर डाल्टनगंज, पुलिस निरीक्षक पाटन अंचल, थाना प्रभारी पंडवा सहित अन्य पुलिस पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है और आगे भी कई मामलों के खुलासे की संभावना है।

## एमके डीएवी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाई गई आंबेडकर जयंती

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** एमके डीएवी पब्लिक स्कूल में भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्राचार्या इंद्राणी चटर्जी द्वारा डॉ. आंबेडकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर की गई। इस अवसर पर प्रार्थना सभा की सभी गतिविधियां बाबा साहेब के जीवन और विचारों को समर्पित रहीं।

नौवीं कक्षा की छात्रा शगुन ने डॉ. आंबेडकर पर सुंदर कविता प्रस्तुत की। वहीं शैलजा ने प्रश्नोत्तरी के माध्यम से छात्रों को उनके जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं, जबकि वैष्णवी ने उनके जीवनवृत्त एवं योगदान पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किया। प्राचार्या इंद्राणी चटर्जी ने कहा कि डॉ. आंबेडकर भारतीय संविधान के शिल्पकार थे। उन्होंने देश को एक सशक्त लोकतांत्रिक ढांचा प्रदान किया। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता के बाद देश के संचालन के लिए संविधान अत्यंत आवश्यक था, जिसे डॉ. आंबेडकर ने विद्वानों के साथ मिलकर तैयार किया। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें महापुरुषों के जीवन से सीख लेनी चाहिए और समाज में समानता, सम्मान और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सम्मान जन्म से नहीं, बल्कि व्यक्ति के कार्य, विचार और योग्यता से मिलना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका प्रेरणा मिश्रा ने किया, जबकि संयोजन कन्हैया राय ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक आलोक कुमार, जितेंद्र तिवारी, नीरज सिन्हा, अनंत कुमार पाठक एवं अनुश्री चक्रवर्ती सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## भीषण अग्निकांड में गरीब परिवार का आशियाना राख, जनप्रतिनिधि ने बढ़ाया मदद का हाथ

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन (पलामू)।** पाटन प्रखंड की सेमरी पंचायत अंतर्गत जोड़ा खुर्द गांव में हुए भीषण अग्निकांड में एक गरीब परिवार का आशियाना और जीविका पूरी तरह नष्ट हो गई। पीड़ित प्रमोद सिंह के घर और किराना दुकान में लगी आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे परिवार को संभलने का मौका तक नहीं मिला। इस हादसे में घर में रखा सारा सामान, दुकान का पूरा स्टॉक और वर्षों की जमा-पूंजी जलकर राख हो गई। पीड़ित परिवार के अनुसार, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, बच्चों के शैक्षणिक प्रमाणपत्र सहित सभी जरूरी दस्तावेज आग की भेंट चढ़ गए। इसके अलावा अनाज, खाद्य सामग्री, घरेलू उपकरण, कपड़े, बर्तन, साइकिल, मोबाइल फोन तथा सोने-चांदी के आभूषण भी पूरी तरह नष्ट हो गए। घटना के बाद परिवार के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। वर्तमान में उनके सामने रहने और खाने तक की समस्या उत्पन्न हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही जिला परिषद सदस्य जयशंकर कुमार सिंह उर्फ संग्राम सिंह मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने तत्काल राहत स्वरूप अनाज और आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई।

संग्राम सिंह ने इस घटना को अत्यंत दुखद बताते हुए कहा कि संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि आपदा राहत कोष के तहत मिलने वाली सहायता शीघ्र पीड़ित परिवार तक पहुंचाई जाए। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि नियमों में आवश्यक लचीलापन बरतते हुए परिवार को जल्द मुआवजा दिया जाए, ताकि वे अपने घर का पुनर्निर्माण कर सकें और फिर से जीवन पटरी पर ला सकें। स्थानीय ग्रामीणों ने भी प्रशासन से अपील की है कि इस कठिन समय में पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता प्रदान की जाए।

## मगही-भोजपुरी को स्थानीय भाषा में शामिल करने की मांग तेज

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में भाषा संबंधी मुद्दा एक बार फिर चर्चा में आ गया है। बी.आर.पी.-सी.आर.पी. महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा से मुलाकात कर मगही और भोजपुरी को स्थानीय भाषा में शामिल करने की मांग उठाई। महासंघ के जिलाध्यक्ष किशोर कुमार दूबे ने कहा कि यह जनहित से जुड़ा गंभीर विषय है, जिस पर सभी राजनीतिक दलों को एकजुट होकर पहल करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि पलामू के अधिकांश क्षेत्रों में लोग बचपन से ही मगही और भोजपुरी भाषा का प्रयोग करते हैं, लेकिन झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) से इन भाषाओं को हटाए जाने से स्थानीय लोगों को नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी, विशेषकर पुराने खतियानी परिवार प्रभावित हो रहे हैं। यह मुद्दा अब पूरे पलामू में एक बड़ी समस्या का रूप ले चुका है और विभिन्न संगठन इसको लेकर आंदोलन कर रहे हैं।

## आंबेडकर जयंती 'समता दिवस' के रूप में मनाई गई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती विश्व हिंदू परिषद के सामाजिक समरसता आयाम के नेतृत्व में 'समता दिवस' के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता स्थानीय आंबेडकर पार्क पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन एवं योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिला पालक सह प्रांत सेवा टोली सदस्य दामोदर मिश्र ने कहा कि डॉ. आंबेडकर एक महान विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे। उन्होंने सामाजिक भेदभाव के खिलाफ संघर्ष करते हुए दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया।

जिला मंत्री अमित तिवारी ने कहा कि बाबा साहब ने श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों की मजबूती से वकालत की।

स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री के रूप में उनका योगदान अतुलनीय है। उन्होंने शिक्षा और कानून के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण कार्य किए। इस अवसर पर समरसता प्रमुख रवि तिवारी, बजरंग दल जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, नगर संयोजक दिलीप गिरी, श्रवण गुप्ता, विजय पटवा, सुशील श्रीवास्तव, दीपक सोनी, सत्येंद्र, ऊषा मांखरिया, किशन मांखरिया सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जीएलए कॉलेज में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई आंबेडकर जयंती

- छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने बाबा साहब के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जीएलए कॉलेज परिसर में मंगलवार को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. जसवीर बग्गा ने दीप प्रज्वलित कर और बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की। प्राचार्य डॉ. बग्गा ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. आंबेडकर का जीवन संघर्ष, शिक्षा और सामाजिक न्याय का प्रेरक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि उनके आदर्शों को अपनाकर ही एक समान और न्यायपूर्ण समाज बनाया जा सकता है। इस अवसर पर शिक्षकों, कर्मियों और विद्यार्थियों ने बाबा साहब को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके विचारों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने डॉ. आंबेडकर के जीवन, उनके सामाजिक योगदान और आज के समय में उनकी प्रासंगिकता पर अपने विचार रखे। इस मौके पर डॉ. ऋचा सिंह, डॉ. विभा शंकर, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. लीना कुमारी, डॉ. वीरेंद्र कुमार, डॉ. नीलम पांडेय, डॉ. संजय बाड़ा, विकाश टोपनो, राजीव मुखर्जी सहित कई शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विभा शंकर ने किया और अंत में सामूहिक संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## महिला कॉलेज में मनाई गई बाबा साहब की जयंती, विचार गोष्ठी का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** योद्ध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं छात्राओं ने उनके सामाजिक, राजनीतिक और संवैधानिक योगदान पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर डॉ. सोनालिका ने कहा कि डॉ. आंबेडकर एक उदारवादी चिंतक थे, जिन्होंने जातीय भेदभाव और सामाजिक कुरीतियों का सशक्त विरोध किया। उन्होंने समाज में स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के मूल्यों को स्थापित करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर केवल एक राजनेता ही नहीं, बल्कि एक महान सामाजिक विचारक भी थे। उनका राजनीतिक चिंतन उनके सामाजिक सरोकारों से जुड़ा हुआ था। उन्होंने दलितों, वंचितों और महिलाओं के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया तथा सामाजिक सुधार के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए। कार्यक्रम में डॉ. मिनी टुडू ने संविधान निर्माण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला, वहीं विभागाध्यक्ष डॉ. जेनिफर गुड़िया ने वर्तमान समय में उनके विचारों की प्रासंगिकता पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर डॉ. दीपक पंडित, मिस शालिनी मुर्मू, श्री विकास कुमार चौधरी, मिस कल्पना सहित कई छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सभी ने बाबा साहेब के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

## न्यूज बॉक्स

### जैक 11वीं का परिणाम जारी, 99.12% छात्र-छात्राएं सफल

**मेदिनीनगर।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा 11वीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया गया। इस वर्ष परिणाम काफी उत्साहजनक रहा। जारी परिणाम के अनुसार कुल 99.12 प्रतिशत छात्र-छात्राएं सफल घोषित किए गए हैं, जिससे विद्यार्थियों और अभिभावकों में खुशी का माहौल है।

### शकालदीपा में राहगीरों के लिए 'प्याऊ' का शुभारंभ

**पाटन।** भीषण गर्मी को देखते हुए ग्राम पंचायत सतौवा के शकालदीपा में राहगीरों के लिए 'प्याऊ' (पनशाला) का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन जिला परिषद सदस्य जयशंकर कुमार सिंह (संग्राम सिंह) और मुखिया अखिलेश पासवान ने संयुक्त रूप से किया। यह पहल स्थानीय समाजसेवी अजय कुमार पांडेय के निजी प्रयास से शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य गर्मी के मौसम में राहगीरों और ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर संग्राम सिंह ने कहा कि भीषण गर्मी में पेयजल की व्यवस्था करना अत्यंत सराहनीय और पुण्य का कार्य है। इससे आम लोगों को काफी राहत मिलेगी। कार्यक्रम में अजय पासवान, श्रीकांत पांडेय, राजीव पांडेय, देवनाथ राम, प्रिंस पांडेय सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पहल की सराहना की।

### 'समृद्धि की रोटी' अभियान बना जरूरतमंदों की उम्मीद

**मेदिनीनगर।** 'समृद्धि की रोटी' अभियान लगातार जरूरतमंदों की सेवा में जुटा हुआ है। इस अभियान के तहत वृद्ध, दिव्यांग और राहगीरों तक नियमित रूप से भोजन पहुंचाया जा रहा है, जिससे यह पहल लोगों के लिए उम्मीद की किरण बन गई है। संस्था की अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव ने बताया कि ईश्वरीय कृपा और समाज के सहयोग से यह अभियान बिना रुके लगातार चल रहा है। उन्होंने कहा कि कई बार भोजन वितरण की जानकारी सार्वजनिक नहीं हो पाती, जिससे सहयोग करने वाले परिवार चिंतित हो जाते हैं, लेकिन सेवा कार्य निरंतर जारी रहता है। उन्होंने भोजन उपलब्ध कराने वाले परिवारों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से ही यह अभियान सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। वहीं संस्था द्वारा पलामू के पारंपरिक दोना-पत्तल बनाने वाले कारीगरों की समस्याओं पर भी ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत के बावजूद उन्हें उचित पारिश्रमिक नहीं मिल पाता, ऐसे में संस्था समय-समय पर उनके बीच कपड़े वितरण जैसे छोटे-छोटे सहयोग करती रहती है। संस्था द्वारा शनि मंदिर के आसपास भी नियमित रूप से भोजन वितरण किया जाता है। अध्यक्ष ने कहा कि यह अभियान केवल भोजन वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में सहयोग, सेवा और संवेदना की भावना को मजबूत करने का प्रयास भी है। उन्होंने संस्था के सदस्यों के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि सेवा कार्यों में उनकी सक्रिय भागीदारी ही इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत है।

### लेखन कार्यशाला में लिखने की बारीकियों पर चर्चा



**मेदिनीनगर।** 'सुबह की धूप' पत्रिका की ओर से डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर एक लेखन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें वरिष्ठ पत्रकार रविंद्र त्रिपाठी मुख्य प्रशिक्षक के रूप में शामिल हुए। कार्यशाला में रविंद्र त्रिपाठी ने लेखन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो" का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि शिक्षित होने का मतलब सिर्फ पढ़ना-लिखना नहीं, बल्कि अपनी लेखन क्षमता को विकसित करना भी है। उन्होंने बताया कि अच्छा लेखक बनने के लिए आसपास की घटनाओं, समाज और लोगों को गहराई से समझना जरूरी है। लेखन वही है, जिसमें साधारण जीवन की बातों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने मुंशी प्रेमचंद और मैक्सिम गोर्की जैसे साहित्यकारों का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने आम जीवन को अपने लेखन के माध्यम से असाधारण बना दिया। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों ने कई प्रश्न पूछे, जिनका उन्होंने सरल तरीके से उत्तर देकर मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिव शंकर प्रसाद ने की। इस अवसर पर शिव शंकर प्रसाद, अच्छे लाल प्रजापति, अभय कुमार वर्मा, शैलेंद्र कुमार शर्मा, गोविंद प्रसाद और प्रेम प्रकाश सहित कई लोग उपस्थित रहे। प्रतिभागियों ने अपने लेखन कौशल को निखारने और समाज के मुद्दों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने का संकल्प लिया।

### इप्टा पलामू ने आंबेडकर जयंती पर लिया संविधान रक्षा का संकल्प

**मेदिनीनगर।** भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर इंडियन पीपुल्स थिएटर एसोसिएशन (इप्टा) की पलामू इकाई द्वारा मेदिनीनगर स्थित आंबेडकर पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान इप्टा कार्यकर्ताओं ने "डॉ. भीमराव आंबेडकर अमर रहें" और "संविधान की रक्षा हम करेंगे" जैसे नारे लगाते हुए भारतीय संविधान की रक्षा का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी सामाजिक न्याय, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए मार्गदर्शक हैं। उनके बताए रास्ते पर चलकर ही समाज में समानता और न्याय स्थापित किया जा सकता है। कार्यक्रम में शैलेंद्र कुमार, शब्बीर अहमद, उपेंद्र कुमार मिश्रा, संजीव कुमार संजू, विजय कुमार सिंह, अच्छे लाल प्रजापति, वैभव राज, रोशन कुमार नाग सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मौके पर सभी ने बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाने और समाज में समानता व न्याय के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प दोहराया।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना समय की जरूरत : महापौर

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** शहर के सामाजिक संगठन नवनिर्माण शक्ति संघ ने नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर को जीत की बधाई देते हुए शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष स्नेहा ओझा के नेतृत्व में महिला विंग ने पुलिस लाइन रोड स्थित मेजर मोड़ से लेकर डॉ. मीरा झा के आवास तक जलापूर्ति पाइपलाइन बिछाने की मांग प्रमुखता से उठाई।

संगठन की ओर से बताया गया कि इस क्षेत्र में लंबे समय से पानी की समस्या बनी हुई है, जिससे स्थानीय लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इसके अलावा सदस्यों ने अपने-अपने वार्ड की समस्याओं को भी महापौर के समक्ष रखा, जिसमें साफ-सफाई, सड़क मरम्मत, जलनिकासी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव प्रमुख रूप से शामिल रहा।

इस दौरान शहर में बढ़ते मादक पदार्थों की बिक्री और सेवन को लेकर भी चिंता व्यक्त की गई। संगठन की अध्यक्ष स्नेहा ओझा ने कहा कि असामाजिक गतिविधियों के कारण शहर का माहौल प्रभावित हो रहा है और इस पर सख्ती से कार्रवाई की जरूरत है।

महापौर अरुणा शंकर ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि शहर के समग्र विकास के लिए जनसहभागिता बेहद आवश्यक है और नागरिकों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनने पर जोर देते हुए कहा कि सशक्त भारत के निर्माण में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। छोटे-छोटे व्यवसाय और स्वरोजगार के माध्यम से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बन सकती हैं। उन्होंने महिलाओं को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने और अपने कौशल को विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

मौके पर चंद्रप्रकाश ओझा, स्नेहा ओझा, सोनी पाठक, वागीशा विश्वकर्मा, रानी उपाध्याय, प्रिया सिंह, सोनी गुप्ता, पूनम गोस्वामी, इंदु मेहता, अंजली गुप्ता, बेबी मिश्रा और शोभा देवी सहित कई सदस्य उपस्थित रहीं।

## किशुनपुर में 'नारी शक्ति वंदन' पदयात्रा हजारों महिलाओं की भागीदारी से गूंजा क्षेत्र

- नेत्रियों ने कहा- नारी सशक्तिकरण ही विकसित भारत की मजबूत नींव, अधिनियम को बताया ऐतिहासिक कदम

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पाटन प्रखंड अंतर्गत किशुनपुर गांव में महिलाओं के नेतृत्व में 'नारी शक्ति वंदन' पदयात्रा का आयोजन किया गया। भाजपा की वरिष्ठ नेत्री स्मिता आनंद एवं मेदिनीनगर की महापौर अरुणा शंकर के नेतृत्व में निकाली गई यह पदयात्रा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में आयोजित की गई। पदयात्रा किशुनपुर स्थित अंबेडकर चौक से प्रारंभ होकर विभिन्न चौक-चौराहों से गुजरते हुए चनेया बाजार तक पहुंची।

पदयात्रा के दौरान भारी संख्या में शामिल महिलाओं ने "नारी शक्ति जिंदाबाद" के नारों से पूरे क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया। कार्यक्रम में उत्साह और जागरूकता का माहौल देखने को मिला, जहां महिलाओं ने बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेत्री सुश्री स्मिता आनंद ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि समतामूलक और सशक्त भारत के निर्माण की दिशा में एक ऐतिहासिक संकल्प है। उन्होंने कहा कि यह पहल देश की आधी आबादी को निर्णय-निर्माण की मुख्यधारा में लाकर लोकतंत्र को अधिक सशक्त, समावेशी और प्रगतिशील बनाने का कार्य कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री के नेतृत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि इस दृष्टिकोण में महिलाएं केवल सहभागी नहीं, बल्कि परिवर्तन की अग्रदूत हैं।

मेदिनीनगर की महापौर अरुणा शंकर ने अपने संबोधन में कहा कि "नारी शक्ति वंदन अधिनियम" देश की करोड़ों माताओं और बहनों के सम्मान, अधिकार और आत्मबल को सशक्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने इसे "नारी तू नारायणी" की भावना को साकार करने वाला राष्ट्रीय प्रयास बताते हुए कहा कि यही विकसित भारत के निर्माण की मजबूत नींव है।

कार्यक्रम में महिला मोर्चा अध्यक्ष नीलिमा झा ने कहा कि केंद्र सरकार के नेतृत्व में महिलाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के अभूतपूर्व प्रयास किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम सामाजिक और राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में एक युगांतरकारी पहल है।


वहीं सांसद प्रतिनिधि सुमन गुप्ता ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने वाला ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी कदम है। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं के लिए अवसरों के नए द्वार खोलने के साथ-साथ सत्ता के केंद्र को अधिक समावेशी बनाता है और समाज में सकारात्मक बदलाव की शुरुआत करता है।

इस अवसर पर पिंकी विश्वकर्मा, शिला दुबे, निर्मला देवी, मुन्नी देवी, कुनीता देवी, मालती देवी सहित हजारों की संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं, जिन्होंने इस अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाई।

# मोटरसाइकिल-टेंपो की टक्कर में युवक की मौत, गांव में पसरा मातम

नवीन मेल संवाददाता


मृतक का फाईल फोटो



**गढ़वा।** चिनियां थाना क्षेत्र में हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया। सोमवार दोपहर चिनियां–गढ़वा मुख्य सड़क स्थित पेशका गांव के पास मोटरसाइकिल और टेंपो की आमने-सामने टक्कर में बिलैती खैर गांव निवासी अजय साह (लगभग 38 वर्ष), पिता शिवनारायण साह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल बेहतर इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। इसके बाद पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर सोमवार रात करीब 10 बजे शव को उनके पैतृक गांव बिलैती खैर लाया गया। शव के गांव पहुंचते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पूरे गांव में मातम छा गया और हर ओर शोक का माहौल बन गया। बताया जाता है कि मृतक अपने पीछे पत्नी और तीन बच्चों को छोड़ गए हैं, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मंगलवार सुबह सैकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में नदी किनारे स्थित मुक्तिधाम में पूरे हिंदू रीति-रिवाज के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान पंचायत के मुखिया पति रवि प्रसाद समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और सभी ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। यह हृदयविदारक घटना एक बार फिर सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार के खतरों पर गंभीर सवाल खड़ा करती है। पूरे क्षेत्र में इस हादसे की चर्चा है और लोग शोकाकुल परिवार को सांत्वना दे रहे हैं।

## बामसेफ पदाधिकारियों ने आंबेडकर जयंती पर दी श्रद्धांजलि



**मेराल।** डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर बामसेफ के झारखंड स्टेट कोऑर्डिनेटर सह अनुसूचित जाति-जनजाति कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष रघुराई राम ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के समतामूलक विचारों को आज पूरा विश्व अपना रहा है, इसलिए वे केवल भारत ही नहीं, बल्कि विश्व स्तर पर प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर बसपा जिलाध्यक्ष नंदा पासवान सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## जे टेट में मगही-भोजपुरी शामिल करने की मांग, राज्यपाल से मिला प्रतिनिधिमंडल

नवीन मेल संवाददाता



**खरौंधी (गढ़वा)।** आजसू पार्टी के जिला प्रवक्ता सह पूर्व उप प्रमुख गोरख नाथ चौधरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने रांची स्थित लोक भवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात कर झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा में मगही और भोजपुरी भाषाओं को शामिल करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि पलामू प्रमंडल की प्रमुख मातृभाषाएं मगही और भोजपुरी हैं, जिन्हें JTET से बाहर करना लाखों युवाओं के साथ अन्याय है। गोरख नाथ चौधरी ने कहा कि इस निर्णय से स्थानीय अभ्यर्थियों के रोजगार के अवसर प्रभावित होंगे और उनकी प्रतिस्पर्धा क्षमता कमजोर होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही इन भाषाओं को शामिल नहीं किया गया, तो युवा आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। प्रतिनिधिमंडल में दीपक शर्मा, शंकर प्रताप विश्वकर्मा, रविंद्रनाथ ठाकुर सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

## एसजीएन मॉडर्न किंडरगार्टन विद्यालय में मनाई गई आंबेडकर जयंती

- शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के आदर्शों को अपनाने का आह्वान

नवीन मेल संवाददाता




**मेराल।** मुख्यालय स्थित एसजीएन मॉडर्न किंडरगार्टन विद्यालय में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। विद्यालय के निदेशक धर्मेंद्र देव ने कहा कि यह दिन केवल जन्मोत्सव नहीं, बल्कि उनके संघर्षों और राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद करने का अवसर है। उन्होंने बताया कि बाबा साहेब का उद्देश्य लोगों को शिक्षित, संगठित और जागरूक बनाना था, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।उन्होंने डॉ. आंबेडकर को महान संविधान निर्माता, समाज सुधारक, विधिवेत्ता और दलितों के अधिकारों के सशक्त पक्षधर बताते हुए कहा कि उन्होंने जीवन भर समानता, सामाजिक न्याय और जाति भेद के उन्मूलन के लिए संघर्ष किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं में आकाशदीप, राहुल कुमार, पूजा कुमारी, खुशबू कुमारी, रामाशीष राम, पंकज कुमार पासवान, पंकज कुमार चौधरी, संजय गुप्ता, प्रदीप कुमार सिंह, ज्योति सहित अन्य सहकर्मी उपस्थित रहे।

## किस्मती कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग में आंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम

**मेराल।** डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती पर किस्मती कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग, मेराल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष और योगदान पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। छात्र-छात्राओं ने भाषण, कविता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। अंत में सभी ने उनके विचारों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

## केतार में जलमीनार योजना फेल, सात पंचायतों में गहराया पेयजल संकट

बिट्टू सिंह




**केतार।** प्रखंड क्षेत्र में पीएचडी विभाग की जलमीनार योजना पूरी तरह विफल साबित हो रही है। करोड़ों रुपये की लागत से तैयार इस योजना का लाभ आम लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे सात पंचायतों में पेयजल संकट गहरा गया है। जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद ने मामले को गंभीर बताते हुए उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को पत्र लिखकर उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने योजना के क्रियान्वयन में भारी लापरवाही और अनियमितता का आरोप लगाया है। योजना के तहत प्रत्येक जलमीनार से लगभग 20 घरों तक पाइपलाइन के माध्यम से पानी पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित था, लेकिन अधिकांश जलमीनार अब तक चालू ही नहीं हो सके हैं। हाल ही में परसोडीह पंचायत के 41 और लोहरगाड़ा पंचायत के 55 जलमीनारों की जांच की गई, जिसमें पीएचडी विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और संवेदक मौजूद थे। जांच के दौरान एक भी जलमीनार चालू नहीं पाया गया, जो योजना की जमीनी हकीकत को उजागर करता है। जांच में यह भी सामने आया कि अधिकांश स्थानों पर डीप बोरिंग मात्र 40 फीट तक ही की गई, जो निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं है। पर्याप्त गहराई नहीं होने के कारण जलस्रोत नहीं मिल सका और बोरिंग असफल हो गई। संवेदक द्वारा एक सप्ताह के भीतर सभी जलमीनारों को चालू करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। अन्य पंचायतों से भी इसी प्रकार की शिकायतें सामने आ रही हैं। इस कारण पूरे प्रखंड में लोगों को पेयजल के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों में आक्रोश है और वे शीघ्र समाधान की मांग कर रहे हैं। जिला परिषद सदस्य ने प्रशासन से दोषियों पर सख्त कार्रवाई करते हुए योजना को अविलंब दुरुस्त कराने की मांग की है, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मनाई गई आंबेडकर जयंती

नवीन मेल संवाददाता



**भंडरिया (गढ़वा)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरिया में मंगलवार को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. संजय कुमार ने बाबा साहेब के जीवन संघर्ष, शिक्षा के प्रति समर्पण और भारतीय संविधान के निर्माण में उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए प्रेरणास्रोत है और हमें उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर करचाली पंचायत की मुखिया मोनिका खलखो, डॉ. शाहिद इमरान, डॉ. अजय पटेल, डॉ. श्याम सुंदर, डॉ. अमित कुमार, वीरेंद्र सिंह, रिंकी कुमारी, आश्रिता बाड़ा, कंचन बाला सहित स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कांडी में श्रद्धापूर्वक मनाई गई डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती

नवीन मेल संवाददाता




**कांडी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश एवं जिला संगठन के निर्देशानुसार मंगलवार को कांडी मंडल कार्यालय में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शशि रंजन दुबे ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश किसान मोर्चा कार्यसमिति सदस्य सह मंडल प्रभारी रामलाल जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अंबेडकर के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रामलाल जी ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष और समरसता का प्रतीक है। उन्होंने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनके द्वारा निर्मित संविधान आज देश की एकता और अखंडता का आधार है। मंडल अध्यक्ष शशि रंजन दुबे ने कहा कि भाजपा बाबा साहेब के पदचिन्हों पर चलकर अंत्योदय के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संकल्पित है। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया और उनकी जीवनी पर चर्चा की। अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने हस्ताक्षर कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर संतोष कुमार सिंह, ललन राम, पूर्व मुखिया विनोद प्रसाद, लालमेन्द्र पासवान, अभय पासवान, परशुराम, लल्लू साव, ब्रजकिशोर लाल, अरुण राम, भोला मेहता, किशोरी लाल, भरत मेहता और राजनाथ शर्मा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मेराल में 'जय भीम' के नारों के साथ भव्य शोभायात्रा



नवीन मेल संवाददाता

**मेराल।** डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर मेराल अंबोडकर युवा एकता मिशन के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान पूरा क्षेत्र 'जय भीम' के नारों से गूंज उठा। शोभायात्रा में सैकड़ों लोग शामिल हुए। डॉ. अंबेडकर एवं माता रमाबाई की आकर्षक झांकियां मुख्य आकर्षण रहीं। यात्रा अंबेडकर चौक से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः वहीं संपन्न हुई। कार्यक्रम के दौरान जगह-जगह लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। रहनुमा सोसायटी द्वारा जलपान की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## हुसैनाबाद विस क्षेत्र के सभी प्रखंडों में लगेगी बाबा साहब की प्रतिमा

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। स्थानीय आंबेडकर चौक पर स्थापित उनकी आदमकद प्रतिमा पर जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों के लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि बाबा साहब ने जीवनभर जातिवाद, भेदभाव और असमानता के खिलाफ संघर्ष करते हुए समाज को शिक्षा, राजनीति और न्याय की नई दिशा दी। उन्होंने घोषणा की कि हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों में बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित कराई जाएगी। कार्यक्रम में एसडीओ गौरांग महतो, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, नगर अध्यक्ष अजय कुमार भारती, उपाध्यक्ष सुनील कुमार चौधरी सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सोनदाग पंचायत में आंबेडकर जयंती पर प्रेरणादायक आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**रंका।** सोनदाग पंचायत के जोलंगा मोड़ पर डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम और गरिमा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पंचायत की मुखिया रीमा देवी ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उपस्थित लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में शिकारगहा गांव सहित आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। मुखिया रीमा देवी ने अपने संबोधन में बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष और समाज में समानता स्थापित करने में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा और एकता ही समाज के विकास का सबसे मजबूत आधार है। उनके नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम ने क्षेत्र में सामाजिक जागरूकता और एकजुटता को बढ़ावा दिया। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए मुखिया रीमा देवी को बधाई दी। यह आयोजन बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बना।

## डंडई में आंबेडकर जयंती पर विद्यार्थियों की भव्य शोभा यात्रा

नवीन मेल संवाददाता




**डंडई (गढ़वा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पैराडाइज पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा सह जागरूकता रैली निकाली। रैली के दौरान छात्र-छात्राएं "शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो", "भेदभाव मिटाओ, भाईचारा बढ़ाओ" जैसे नारों के साथ लोगों को जागरूक करते नजर आए। शोभा यात्रा बाजार समिति से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए अंबेडकर चौक पहुंची, जहां बाबा साहेब सहित अन्य महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। इस दौरान विद्यार्थियों ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया और अपने विचार भी व्यक्त किए। मुख्य अतिथि जमुना प्रसाद रवि ने कहा कि महापुरुषों की जयंती हमें ऐतिहासिक सीख देती है और समाज में जागरूकता बढ़ाती है। विद्यालय के निदेशक सिकंदर प्रजापति, पूर्व प्राचार्य आर.के. विश्वकर्मा एवं प्राचार्य बिंदु कुमार रवि ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम में शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## खरौंधी में धूमधाम से मनाई गई आंबेडकर जयंती



नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी (गढ़वा)।** प्रखंड क्षेत्र में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। विभिन्न गांवों में कार्यक्रम आयोजित कर लोगों ने उनके विचारों को याद किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान युवाओं ने मोटरसाइकिल जुलूस निकालकर सामाजिक समानता और शिक्षा का संदेश दिया। करीवाडीह में आयोजित कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी ने कहा कि बाबा साहेब ने समाज को नई दिशा दी और सभी को समान अधिकार दिलाया। उन्होंने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए अभिभावकों से बच्चों को सही दिशा देने की अपील की। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनाई गई आंबेडकर जयंती

**भवनाथपुर।** सानमती कामेश्वर साह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, भवनाथपुर बाजार में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य जयंत कुमार द्वारा सरस्वती माता, ॐ, भारत माता एवं बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर बहन अंजली ने बाबा साहेब के जीवन और संघर्षों पर प्रकाश डाला। आचार्य अजीत चौबे ने दलित वर्गों के अधिकारों पर अपने विचार रखे, जबकि आचार्या नीता गुप्ता ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद बाबा साहेब ने शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रश्नमंच एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

### युवा शक्ति क्लब के तत्वावधान में आयोजित नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन

## भवनाथपुर थाना टीम बनी चैंपियन, स्टार इलेवन सरईया को 61 रन से हराया

नवीन मेल संवाददाता




**भवनाथपुर।** युवा शक्ति क्लब के तत्वावधान में टेन प्लस टू उच्च विद्यालय मैदान में आयोजित अंतराज्यीय कॉस्को नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला सोमवार रात खेला गया। फाइनल मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा, जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान, पंचायत मुखिया बेबी देवी एवं हीरो शोरूम के मालिक मनीष कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। फाइनल मुकाबला भवनाथपुर थाना और स्टार इलेवन सरईया के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भवनाथपुर थाना की टीम ने 12 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 160 रन बनाए। जवाब में स्टार इलेवन सरईया की टीम 12 ओवर में सभी विकेट खोकर 99 रन ही बना सकी। इस तरह भवनाथपुर थाना ने 61 रन से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए भवनाथपुर थाना टीम के खिलाड़ी आकाश कुमार ने 106 रन बनाए, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं शुभम चौबे ने पूरे टूर्नामेंट में 125 रन बनाने और 4 विकेट लेने के प्रदर्शन के आधार पर मैन ऑफ द सीरीज का खिताब जीता। विजेता टीम भवनाथपुर थाना को 61 हजार रुपये एवं ट्रॉफी विधायक अनंत प्रताप देव और मनीष कुमार द्वारा प्रदान की गई। वहीं उपविजेता स्टार इलेवन सरईया को 31 हजार रुपये एवं ट्रॉफी धर्मराज पासवान, बेबी देवी और क्लब अध्यक्ष दीपक वर्मा द्वारा दी गई। मौके पर विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है, जो शारीरिक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। मैच के अंपायर चंचल कुमार, प्रिया रंजन एवं प्रदीप विश्वकर्मा, स्कोरर नीतीश कुमार और कमेंट्री सिद्धार्थ कुमार व रमेश कुमार ने की। इस अवसर पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, अब्दुल अंसारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# उपायुक्त समेत अन्य पदाधिकारियों ने डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर मंगलवार को उपायुक्त डॉ ताराचंद, पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत समेत जिला के वरीय पदाधिकारियों द्वारा बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर उपायुक्त, लोहरदगा ने सभी उपस्थित लोगों से डॉ भीमराव अंबेडकर की दी हुई शिक्षा व उनके विचारों पर चर्चा की। साथ ही भारत के संविधान निर्माण में उनके योगदान को अभूतपूर्व बताया। समाहरणालय के समीप अंबेडकर चौक में आयोजित इस कार्यक्रम में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास, भूमि सुधार उपसमाहर्ता सुजाता कुजूर, एनडीसी अभिनीत सूरज समेत पदाधिकारी व कर्मी, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ी जाति वर्ग, पदाधिकारी/कर्मचारी संघ एवं सामाजिक संगठनों की सदस्य उपस्थित रहे।

# बाबा साहेब के विचारों को अपनाकर मजबूत समाज का करें निर्माण : आईटीडीए निदेशक

● बाबा साहेब ने अपने संघर्ष और दृढ़ संकल्प से शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार साबित किया

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर मंगलवार सुबह 9 बजे लोहरदगा समाहरणालय परिसर से भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। यह रैली अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा जाति पदाधिकारी-कर्मचारी संघ, अंबेडकर विचार परिषद तथा रविदास विकास मंच के संयुक्त तत्वावधान में निकाली गई। कार्यक्रम का उद्देश्य बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना और सामाजिक समरसता का संदेश देना था। बाइक रैली को आईटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अंजना दास तथा एलआरडीसी सुजाता कुजूर ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान आईटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन केवल एक व्यक्ति की सफलता की कहानी नहीं, बल्कि पूरे समाज के उत्थान का मार्गदर्शन है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने अपने संघर्ष और दृढ़ संकल्प से यह साबित किया कि शिक्षा ही वह सबसे बड़ा हथियार है, जिससे किसी भी प्रकार के सामाजिक भेदभाव और असमानता को समाप्त किया जा सकता है।

उन्होंने आगे कहा कि आज के युवाओं को विशेष रूप से डॉ. अंबेडकर के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है, ताकि वे एक जागरूक, शिक्षित और जिम्मेदार समाज का निर्माण कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि समाज के सभी वर्गों को समान अधिकार और सम्मान दिलाना ही बाबा साहेब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सुषमा नीलम सोरेंग ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे शिक्षा, एकता और संविधान के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखें और समाज को आगे बढ़ाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। रैली समाहरणालय परिसर से निकलकर मैना बगीचा, पावरगंज चौक, न्यू रोड, बरवा टोली, मिशन चौक, राणा चौक, अपर बाजार, गुदरी बाजार, शास्त्री चौक, थाना चौक और अमला टोली होते हुए लोहरदगा सदर प्रखंड स्थित नगर भवन परिसर पहुंची, जहां पहुंचकर बाइक रैली संपन्न हो गई। नगर भवन में दोपहर बाद भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

जिसमें जिले के कई पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल होंगे। कार्यक्रम में गीत, संगीत और नृत्य के माध्यम से डॉ. अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और उनके योगदान को प्रस्तुत किया जाएगा।

# अंबेडकर जयंती पर मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार को विकास भारती बिशनपुर द्वारा संचालित कल्याण अस्पताल, हेसल बसारडीह में एक दिवसीय विशाल (मेगा) स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लोहरदगा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए कुल 206 मरीजों का विशेषज्ञों द्वारा निशुल्क उपचार व परामर्श दिया गया।

शिविर में रांची के सुप्रसिद्ध चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इसमें हड्डी, जोड़ एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय कुमार, नाक-कान-गला विशेषज्ञ डॉ. एस कुमार, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश कुमार, जनरल सर्जन डॉ. सन्नी, जनरल फिजिशियन डॉ. डी खेस, डॉ. सुनील प्रसाद, डॉ. प्रेम प्रकाश सिन्हा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अजीत कुमार अग्रवाल एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेंद्र प्रसाद ने मरीजों की गहन चिकित्सा जांच की। शिविर में आए मरीजों का विभागवार ब्यौरा इस प्रकार रहा। हड्डी रोगः 78 मरीज, नेत्र रोगः 53 मरीज, नाक, कान एवं गलाः 23 मरीज, सामान्य रोगः 21 मरीज, दंत रोगः 15 मरीज, शिशु रोगः 14 मरीज की जांच की गई। जांच के दौरान अस्पताल में निशुल्क डायग्नोस्टिक सुविधाएं भी दी गईं, जिसमें 08 एक्स-रे, 06 ईसीजी और 29 मरीजों के कुल 77 लैब टेस्ट किए गए।

# हम सब को जानना चाहिए संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों को : मनोरमा एक्का

**लोहरदगा।** बाबा भीम राव अम्बेडकर की जयंती के पर होप कार्यालय छत्तर बगीचा, लोहरदगा में सेन्हा प्रखंड के डान्डू एवम अरु पंचायत के 30 महिलाओ एवं किशोरियों तथा स्थानीय नेतृत्वकर्ताओं का एकदिवसीय कार्यशाला फीमी और होप के संयुक्त तत्वावधान में किया गया । कार्यक्रम की शुरुवात बाबा भीम राव अम्बेदकर के जीवनी एवम हम सब के लिए उनके द्वारा रचित संविधान के योगदान पर भी बातचीत की गई । कार्यशाला में आदिवासी इतिहास को जानना, आदिवासी समाज की विलुप्त होती भाषा, कला, संस्कृति एवं खेलों का संरक्षण एवं संवर्द्धन करना, पर चर्चा किया गया ।

# लोहरदगा में अभाविप ने डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई




नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लोहरदगा के द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती बड़े ही श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर अध्यक्ष अनिल उरांव उपस्थित रहे। मौके पर उन्होंने डॉ. अंबेडकर के विचारों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके आदर्शों पर चलने और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन ही देश के भविष्य निर्माण की नींव होता है, इसलिए युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम में जिला संयोजक आदित्य कुमार साहू, नगर अध्यक्ष प्रदीप महतो, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जानवी कंचन गोयल, उपाध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार कुंदन, कार्यकारिणी सदस्य अनीश मेहता सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कैरो में नेताओं और नागरिकों ने भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई

नवीन मेल संवाददाता



**कैरो/लोहरदगा।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। नेताओं और नागरिकों ने एकत्रित होकर संविधान निर्माता को याद किया और सामाजिक न्याय व समानता के उनके विचारों को नमन किया। प्रखण्ड मुख्यालय अम्बेडकर नगर व एडादोन में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135 वी जयंती समारोह पूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम जीप अध्यक्ष सुखदेव उरांव,प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव,नवयुवक अम्बेडकर संघ के आजीवन संरक्षक राजमोहन राम,पूर्व पंचायत समिति सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी,सांसद प्रतिनिधि समीद अंसारी,भाजपा प्रखंड अध्यक्ष राजेंन्द्र महतो,समेत अन्य ने डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के चित्र के सामने दिप प्रज्वलित किया गया फिर उनके प्रतिमा पर मालार्पण कर नमन किया गया।वहीं नवयुवक अम्बेडकर संघ के द्वारा अतिथियो को नीला वस्त्र व भारत का संविधान पुस्तक भेंटकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर रविदास समाज के उन बच्चों को भी अतिथियो द्वारा सम्मानित किया गया जो शिक्षा खेल कला और इस कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किए।

# हिंदी ओलिंपियाड में मंजूरमती उच्च विद्यालय का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** हिंदी विकास मंच द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलिंपियाड में मंजूरमती उच्च विद्यालय, महादेव आश्रम, लोहरदगा का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलिंपियाड में शानदार सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के 10 छात्र-छात्राओं ने गोल्ड मेडल, 18 छात्र-छात्राओं ने सिल्वर मेडल तथा 24 छात्र-छात्राओं ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सभी सफल प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव मदन मोहन पाण्डेय, प्राचार्या मनोज्ञा पाण्डेय, बाल विद्यवेशम की प्राचार्या रीता पाण्डेय सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# शिशु मंदिर में मनाई गई बाबा साहेब की जयंती

नवीन मेल संवाददाता




**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में आज भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती अत्यंत उत्साह और श्रद्धापूर्वक मनाई गई। विद्यालय परिसर में आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम के माध्यम से भैया-बहनों को बाबा साहेब के जीवन संघर्षों और उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री कृपा सिंह जी (वनवासी कल्याण आश्रम) द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माता सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। विद्यालय के आचार्य अशोक सिंह, महेंद्र मिश्रा एवं प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडेय ने भैया-बहनों को संबोधित करते हुए बाबा साहेब के जीवन चरित्र पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने बाबा साहेब के उस कालजयी सूत्र वाक्य को दोहराया जिसमें उन्होंने कहा था— "शिक्षा शेरनी का वह दूध है, जो इसे पियेगा वह निश्चित रूप से दहाड़ेगा।"

वक्ताओं ने जोर दिया कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। मुख्य अतिथि कृपा सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर बचपन से ही विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने कहा, "अत्यंत अभावों और सामाजिक चुनौतियों के बावजूद बाबा साहेब ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से न केवल सर्वोच्च शैक्षणिक सम्मान प्राप्त किया, बल्कि भारतीय संविधान की रचना कर राष्ट्र को एक नई दिशा दी। आज के विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और विपरीत परिस्थितियों में भी लक्ष्य के प्रति अडिग रहना चाहिए।"इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, सभी आचार्य बंधु, भगिनी एवं कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# कोयल नदी में नहाने के दौरान डूबे बालक का शव तीन घंटे की मशक्कत के बाद मिला

नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा (लोहरदगा)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के बेड़ाटोली-उगरा मार्ग पर स्थित कोयल नदी में मंगलवार को स्नान करने के दौरान एक 12 वर्षीय बालक की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान कलेहपाट निवासी कांग्रेसी नेता रुस्तम अंसारी के पुत्र जियाउल मुस्तफा के रूप में हुई है। घटना के बाद से ही गांव में मातम पसरा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जियाउल अपने साथियों के साथ कोयल नदी में नहाने गया था। स्नान के दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसे डूबता देख साथ आए बच्चों ने गांव की ओर दौड़कर शोर मचाया। शोर सुनकर ग्रामीण तुरंत नदी तट पर पहुंचे और उसकी तलाश शुरू की। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद स्थानीय गोताखोरों ने बच्चे को नदी से बाहर निकाला। परिजन और स्थानीय लोग उसे तत्काल सदर अस्पताल लोहरदगा ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, बीडीओ संग्राम मुर्मू, सीओ पंकज कुमार भगत, स्थानीय मुखिया जय श्री उरांव और भड़गांव मुखिया अनिल उरांव ने घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया। थाना के एसआई दयानंद सरस्वती ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में 135 वीं डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई गई

नवीन मेल संवाददाता




**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में भारत के महान संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास , विकास भारती एवं राजीव कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से डॉ. अंबेडकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

इस अवसर पर कक्षा षष्ठ से नवम तक के भैया-बहनों ने डॉ. अंबेडकर की जीवनी पर आधारित भाषण अंग्रेजी, हिंदी एवं संस्कृत भाषाओं में प्रस्तुत किए, जिससे कार्यक्रम ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी बन गया। प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने अपने संबोधन में डॉ. अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और उनके द्वारा किए गए सामाजिक सुधारों को विस्तार से बताते हुए विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। राजीव आचार्य जी ने भी डॉ. अंबेडकर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों को जीवन में उतारने का संदेश दिया।

नागरिक शास्त्र की आचार्या श्वेता संदेश ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हम डॉ. अंबेडकर द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर एक सशक्त, सक्षम और समतामूलक भारत के निर्माण में अपना योगदान देंगे।भारतीय संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर सभी ने डॉ. अंबेडकर को कोटि-कोटि नमन किया।

# एमएलए सविमं इंटर महाविद्यालय में मनायी गयी अंबेडकर जयंती

नवीन मेल संवाददाता

● अंबेडकर जी के आदर्शों और मूल्यों को अपने जीवन में अपनाएं और उनके बताएं मार्ग पर चले

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लोहरदगा में हर्ष उल्लास के साथ डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई| कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और वंदना के साथ किया गया।

अम्बेडकर जयंती के अवसर पर विज्ञान के छात्र आशुतोष कुमार पाण्डेय के द्वारा डॉ अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और उपलब्धियां पर भाषण दिया गया| महाविद्यालय की राजनीति विज्ञान की आचार्या कविता कुमारी ने कहा कि डॉ भीमराव रामजी अंबेडकर का कथन- शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो, उपरोक्त कथन को अपने जीवन में चरितार्थ करें| डॉ भीमराव अम्बेडकर ने श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन किया है| हम सभी को भी समाज में दबे-कुचले लोगों की सेवा करनी चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि अंबेडकर जी के आदर्शों और मूल्यों को अपने जीवन में अपनाएं और उनके बताएं मार्ग पर चले| कार्यक्रम में प्राचार्य बिपिन कुमार दास, नीतू कुमारी, रेणु कुमारी, रश्मि साहू, ऋद्धि मिश्रा, रोहित कुमार, शिखा राय, रितेश कुमार पाठक,आरती भगत सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# सप्ताह में एक दिन तन और मन से देश एवं समाज की सेवा में योगदान दें

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा एकल अभियान भाग अध्यक्ष नवल किशोर अग्रवाल की अध्यक्षता में भाग समिति की बैठक अग्रसेन भवन में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ भारत माता एवं सरस्वती माता की तस्वीर के समक्ष मुख्य अतिथि लोहरदगा नगर परिषद अध्यक्ष अनिल उरांव, रांची एकल चैप्टर अध्यक्ष अंचल किंगर और केंद्रीय साहित्य प्रकाशन प्रमुख अमरेंद्र विष्णुपुरी द्वारा दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। एकल भाग अध्यक्ष नवल अग्रवाल ने लोहरदगा भाग के अंतर्गत चल रहे एकल विद्यालयों के विषय में विस्तृत जानकारी दी। मौके पर रांची एकल चैप्टर अध्यक्ष अंचल किंगर एवं केंद्रीय साहित्य प्रकाशन प्रमुख अमरेंद्र विष्णुपुरी ने कहा कि एकल अभियान के गठन को 37 वर्ष पूरे हो गए हैं। इसका आरंभ इसी लोहरदगा भाग से हुआ था। आज भारतवर्ष के हर कोने में इसके लाखों स्कूल चल रहे हैं, जहाँ से शिक्षा पाकर विद्यार्थी आज डॉक्टर, इंजीनियर, फौजी, वैज्ञानिक, बड़े व्यवसायी एवं सरकार के उच्च पदों पर आसीन होकर देश की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि सप्ताह में एक दिन तन और मन से देश एवं समाज की सेवा में योगदान दें। नगर परिषद अध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा कि मैं खुद देखा हूं की सुदूर और दुर्गम इलाकों में, जहाँ जाने में लोग डरते थे, वहाँ भी एकल विद्यालय का सफल संचालन हो रहा है और ग्रामीण बच्चों को घर-घर जाकर शिक्षा दी जा रही है, जो कि विकास के लिए बहुत बड़ी प्रेरणा का स्रोत है। सचिव दीपक अग्रवाल ने बैठक का संचालन करते हुए पंचमुखी शिक्षा, समिति की सक्रियता और संगठन की मजबूती व विस्तार पर जोर दिया।

# मसमानो में डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**भंडरा।** प्रखंड के मसमानो में मंगलवार को डा. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डा. भीमराव आंबेडकर स्मारक समिति मसमानो के तत्वावधान में संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर प्रभात फेरी, माल्यार्पण, विचार गोष्ठी एवं क्विज प्रतियोगिता सहित कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम ग्रामीणों ने स्मारक स्थल पहुंच डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा में माल्यार्पण किया। इसके पश्चात भव्य प्रभात फेरी निकाल लोगो को शिक्षा व कानून के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत की मुखिया ममता कुमारी, पंचायत समिति सदस्य बिपता उरांव एवं दशमी उरांव सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत पारंपरिक रूप से बुके देकर किया गया। आयोजन की शुरुआत बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर गांव के छोटे-बड़े सभी लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी पूरे मसमानो गांव का भ्रमण करते हुए निकली। जिसमें डा. भीमराव आंबेडकर अमर रहें, भीम जयंती आई है, नई रोशनी लाई है। तथा जब तक सूरज चांद रहेगा, बाबा तेरा नाम रहेगा जैसे गगनभेदी नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। प्रभात फेरी पुनः आयोजन स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। इसके पश्चात बच्चों के बीच डा. आंबेडकर के जीवन, उनके संघर्ष, शिक्षा और संविधान निर्माण में उनके योगदान से संबंधित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को कापी एवं पेन देकर सम्मानित किया गया। इससे बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह और जागरूकता देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान मुखिया ममता कुमारी ने कहा कि डा. भीमराव आंबेडकर केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं, जिन्होंने समाज के कमजोर, वंचित एवं शोषित वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बताया और समाज में समानता, बंधुत्व और न्याय की स्थापना के लिए संविधान का निर्माण किया। मौके पर भरत राम, सरोज राम, दीपक राम, बबलू उरांव, भोला राम, सुधीर राम, अनूप राम, तुलसी राम, अंकुर राम, रोहित राम, रंजीत राम, रामकिशुन राम, हरीश राम, पवन राम, विजय राम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं युवा उपस्थित रहे।

# बाबा साहेब एक सच्चे सनातनी एवं राष्ट्रभक्त थे : रितेश कुमार

**लोहरदगा।** 77 वर्ष पहले भारत को उसका संविधान सौपनेवाले भारतीय संविधान निर्माता डॉ बाबा भीमराव अंबेडकर की जन्मदिवस पर विश्व हिंदू परिषद तथा बजरंग दल के पदाधिकारियों ने इनकी समाहरणालय अवस्थित मूर्ति में माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष रितेश कुमार ने बाबा के संदर्भ में रोशनी डालते हुए कहा कि बाबा सनातन समाज के सच्चे सिपाही थे, इनके द्वारा संविधान निर्माण के दौरान सबसे पहले पन्ना में श्रीराम दरबार को स्थान देना, उनका सच्चे सनातनी होने का प्रमाण है। वे जब भारत का बंटवारा नामक किताब लिखें तो उसके एक एक शब्द में उनका वेदना की झलक मिलती है।

वे कभी भी देश के बंटवारे का पक्षधर नहीं थे। उन्होंने हमेशा जात पात, ऊंच नीच के भेद भाव से ऊपर उठकर देशहित में काम करने हेतु सदैव लोगो को प्रेरित किया। उनके 135वीं जयंती पर सम्पूर्ण सनातन समाज इन्हें नमन करती है तथा पूरे समाज को गर्व है कि इन्होंने देश को ऐतिहासिक अपना संविधान देकर प्रत्येक भारतीय नागरिक को उसके अधिकार से रूबरू करवाया।

# पेट्रोल विवाद में युवक की पत्थर से कूचकर हत्या, 24 घंटे में खुलासा

● दो नाबालिग हिरासत में, किशोर न्याय बोर्ड में पेश करने की प्रक्रिया जारी

नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर आंचल के कुरुमगढ़ थाना क्षेत्र आंतर्गत सिविल गांव स्थित गोटू टोंगरी में मिले अज्ञात शव के मामले का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस ने न केवल मृतक की पहचान कर ली है, बल्कि इस सनसनीखेज हत्याकांड में शामिल दो विधि-विरुद्ध बालकों को भी हिरासत में ले लिया है।




बताया गया कि बीते दिनों गोटू टोंगरी से एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ था। हत्यारों ने पहचान छुपाने की नीयत से युवक के चेहरे को पत्थर से बुरी तरह कुचल दिया था। कुरुमगढ़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शव की शिनाख्त बजरंग उरांव (21 वर्ष) के रूप में की, जो गुमला जिले के दुनदुरिया स्थित बैंक कॉलोनी का निवासी था।

पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक बजरंग उरांव सरहुल पर्व मनाने के लिए सकसरी गांव आया हुआ था। इसी दौरान स्कूटी में पेट्रोल भराने को लेकर उसका विवाद हो गया। यह मामूली विवाद देखते ही देखते इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने पत्थर से कूचकर उसकी हत्या कर दी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए कुरुमगढ़ थाना में कांड संख्या- 04/26 दर्ज किया गया। पुलिस ने वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया। पूछताछ के दौरान विधि-विरुद्ध बालकों की निशानदेही पर पुलिस ने मृतक का मोबाइल फोन उनके घर से बरामद किया, जिसे विधिवत जब्त कर लिया गया है।

पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1), 238(b) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है। दोनों नाबालिगों को किशोर न्याय बोर्ड में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया जारी है।

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री वायरल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

● चैनपुर पुलिस की त्वरित कार्रवाई, युवक को जेल भेजा गया

नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर।** सोशल मीडिया पर युवती की आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो वायरल करने के मामले में चैनपुर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी की पहचान सिमडेगा जिले के केरसई थाना क्षेत्र आंतर्गत नोनगढ़ा ढोढरीटोली निवासी अल बिनुस डुंगडुंग (24 वर्ष), पिता लाजरुस डुंगडुंग के रूप में हुई है। पीड़िता (20 वर्ष), जो चैनपुर थाना क्षेत्र के महुआटोली जनावल की निवासी है, ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी।

आवेदन के अनुसार, आरोपी और पीड़िता के बीच वर्ष 2022 से प्रेम संबंध था। इस दौरान आरोपी ने चुपके से पीड़िता की आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो बना लिए थे। आरोप है कि 1 दिसंबर 2025 को आरोपी ने 'Leppa Binu' नामक फेसबुक आईडी से इन तस्वीरों और वीडियो को सार्वजनिक कर दिया। इसके साथ ही वह युवती को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और जान से मारने की धमकी भी दे रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए चैनपुर थाना में कांड संख्या 48/25 दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 78(2), 79, 351(2), 352 तथा आईटी एक्ट की धारा 67(A) के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया।



आवश्यक पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। चैनपुर थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने आम लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया का उपयोग सावधानीपूर्वक करें और किसी भी प्रकार के साइबर अपराध या उत्पीड़न की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## सिसई के विद्यालयों में आंबेडकर जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई



● विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए विचार, शिक्षा और समरसता पर दिया गया जोर

नवीन मेल संवाददाता

**सिसई (गुमला)।** रणजीत नारायण सिंह सरस्वती विद्या मंदिर कुदरा एवं सरस्वती शिशु मंदिर, सिसई में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य देवेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में आचार्यों द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने बाबासाहेब के जीवन और विचारों पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। जयंती प्रमुख आचार्य मृत्युंजय कुमार मिश्रा ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं प्रधानाचार्य देवेन्द्र वर्मा ने वर्तमान समय में बाबासाहेब के विचारों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य, छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। आंत में शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## योग परिवार ने संविधान की उद्देशिका का सामूहिक पाठ कर दी श्रद्धांजलि

● बाबासाहेब के विचारों पर वक्ताओं ने रखा जोर, सामाजिक समरसता बनाए रखने का लिया संकल्प

नवीन मेल संवाददाता




**गुमला।** 135वीं जयंती के अवसर पर योग परिवार, गुमला द्वारा डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में योग परिवार के पदाधिकारी, सदस्यगण तथा बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। सभी ने बाबासाहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम में अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल ने कहा कि डॉ. आंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे। योग शिक्षक सचिव संजय कुमार साहू ने उनके जीवन को संघर्ष से सफलता तक की प्रेरक यात्रा बताया। कोषाध्यक्ष डॉ. शंकर लाल जाजोदिया ने आर्थिक न्याय की उनकी अवधारणा पर प्रकाश डाला, जबकि सदस्य योगेंद्र प्रसाद साहू ने उनके जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की। कार्यक्रम के आंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने भारतीय संविधान की उद्देशिका का सामूहिक पाठ किया और सामाजिक समरसता बनाए रखने की शपथ ली। मंच संचालन उपाध्यक्ष संतोष झा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन सह सचिव विशाल कुमार बिट्टू ने दिया।

इस अवसर पर संरक्षक शिव कुमार लाल, बैजनाथ प्रसाद साहू, मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार सोनी, संगठन मंत्री जयकांत राय, शिव प्रसाद चौधरी, लाल बाबू, शशिकिरण जायसवाल, रीता लाल, सरिता देवी, अनिता देवी, रेखा देवी, जय श्री बड़ाईक, रविंदर कौर, कांति देवी एवं पम्मी सिंह सहित अनेक सदस्य

## भरनो कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ने थाना प्रभारी से की शिष्टाचार मुलाकात

● विधि-व्यवस्था सुदृढ़ करने और पुलिस-जनता समन्वय पर हुई चर्चा

नवीन मेल संवाददाता



**भरनो (गुमला)।** भरनो कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मुख्तार आलम ने मंगलवार को करंज थाना प्रभारी करण टुडू से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अफरोज खान एवं एजाज अहमद काजू भी उपस्थित रहे।

मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने थाना प्रभारी का स्वागत करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने, आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान तथा पुलिस-जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर चर्चा की गई।

मुख्तार आलम ने कहा कि पुलिस और आम लोगों के बीच विश्वास का रिश्ता मजबूत होना चाहिए, जिससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रह सके। वहीं थाना प्रभारी करण टुडू ने आश्वस्त किया कि वे क्षेत्र में सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तत्परता से कार्य करेंगे।

## राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन का पुनर्गठन, 3 मई को होगी बैठक

**गुमला।** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की झारखंड प्रदेश समिति भंग होने के बाद संगठन के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा पुनः दिलीप कुमार नीलेश को उनके सक्रिय कार्यों को देखते हुए झारखंड प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार नीलेश के निर्देशानुसार प्रदेश एवं जिला समितियों के पुनर्गठन के लिए 03 मई 2026 (रविवार) को प्रातः 11:00 बजे एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक का आयोजन करम पुल—जामुन दुईन, कटहल मोड़ स्थित नीलेश निवास में किया जाएगा। बैठक में प्रदेश समिति एवं सभी जिला समितियों के पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य बताई गई है, ताकि नई समितियों का विधिवत गठन किया जा सके। विशेष रूप से इस बैठक में पड़ोसी देश नेपाल से संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. शत्रुघ्नप्रसाद शाह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उनकी उपस्थिति में संगठन की आगामी कार्ययोजना और विस्तार पर भी चर्चा की जाएगी।

## आंबेडकर जयंती पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**पालकोट (गुमला)।** सोहर साहु सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर, पालकोट में आंबेडकर जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम के साथ भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। प्रधानाचार्य अशोक कंसारी, आचार्य सुदर्शन होता तथा अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से पुष्पांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में प्रधानाचार्य अशोक कंसारी ने बाबासाहेब के जीवन और उनके समाज सुधार कार्यों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आंत में बच्चों के बीच मिठाइयों का वितरण किया गया।

### आंबेडकर जयंती पर प्रशासन ने किया नमन



**गुमला।** भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर गुमला जिला प्रशासन ने श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता के साथ उन्हें याद किया। शहर के अलबर्ट एक्का स्टेडियम परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अधिकारियों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो, अपर समाहर्ता शशिंद्र कुमार बड़ाइक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश प्रसाद यादव, भूमि सुधार उप समाहर्ता राजीव कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत, जिला पशुपालन पदाधिकारी अरुण प्रताप सिंह, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, आंचल अधिकारी हरीश कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने डॉ. आंबेडकर के संघर्षपूर्ण जीवन, सामाजिक न्याय के लिए उनके अथक प्रयासों और वंचित वर्गों के उत्थान में उनके ऐतिहासिक योगदान को स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा कि उनके विचार आज भी सामाजिक समानता, न्याय और समावेशी विकास की दिशा में समाज का मार्गदर्शन कर रहे हैं। समारोह में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भारतीय संविधान के मूल्यों को आत्मसात करने तथा समाज में समानता, भाईचारा और न्याय की भावना को सुदृढ़ करने का संकल्प लिया।

## कांग्रेसजनों ने आंबेडकर जयंती पर दी श्रद्धांजलि



● संविधान को बताया हर वर्ग को समान अधिकार और सम्मान दिलाने की गारंटी

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** जिला मुख्यालय स्थित परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम परिसर के बाहर मंगलवार को भारत रत्न बाबा भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष राजनील तिग्गा के नेतृत्व में आंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर राजनील तिग्गा ने कहा कि बाबा भीमराव आंबेडकर आधुनिक भारत के निर्माता थे और उनके द्वारा रचित संविधान देश के हर वर्ग—गरीब, दलित, आदिवासी, पिछड़े और महिलाओं—को समान अधिकार और सम्मान दिलाने की गारंटी देता है। उन्होंने शिक्षा, जागरूकता और सामाजिक एकता को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है और सामाजिक न्याय व समानता के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। इस मौके पर आशिक आंसारी, मुरली मनोहर, नगर अध्यक्ष जय सिंह, मनीष हिंदुस्तान, रोहित उरांव, रफी अली, शाहजहां आंसारी, अभिषेक सोरेन, चंद्रकिशोर केरकेट्टा, इकरामुल हक, फिरोज आलम, अमित साहू, मो रहमान समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ज्ञान निकेतन, बिशुनपुर में आंबेडकर जयंती पर गरिमामय

● शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के मूल्यों को अपनाने का लिया संकल्प

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** आंबेडकर जयंती के अवसर पर बिशुनपुर स्थित विकास भारती परिसर के ज्ञान निकेतन में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित कर भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी एवं विकास भारती के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत ने डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम की शुरुआत पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस दौरान छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और संस्था के सदस्यों ने बाबासाहेब के आदर्शों को स्मरण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

अपने संबोधन में महेंद्र भगत ने कहा कि डॉ. आंबेडकर का जीवन संघर्ष, शिक्षा और समानता का प्रेरक प्रतीक है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही समाज के प्रत्येक वर्ग को सशक्त बनाया जा सकता है और यही संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने सामाजिक समरसता, समान अधिकार और शिक्षा के प्रसार में बाबासाहेब के योगदान को अविस्मरणीय बताया। विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए डॉ. आंबेडकर के जीवन और कृतित्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर डॉ. बृजेश पांडेय, सुनील कुमार, राम कुमार चौधरी, योगेश कुमार, दयाली सिंह सहित संस्था के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। सभी उपस्थित लोगों ने शिक्षा, समानता और न्याय के मूल्यों को जीवन में उतारते हुए समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

## धर्मांतरण और 'लव जिहाद' के विरोध में ग्रामीण हुए एकजुट



● बैठक में सख्त निर्णय, अपहरण मामले में पुलिस से कार्रवाई की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**सिसई (गुमला)।** प्रखंड क्षेत्र के लरंगो पंचायत आंतर्गत छोटा चांपी गांव में ग्रामीणों ने धर्मांतरण और कथित 'लव जिहाद' के खिलाफ एकजुटता दिखाते हुए बैठक आयोजित की। बैठक में ग्रामीणों ने इस प्रकार की घटनाओं पर कड़ा विरोध जताते हुए सख्त निर्णय लिया। ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से तय किया कि गांव में किसी भी प्रकार का धर्मांतरण या इस तरह की गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कोई परिवार इसमें शामिल पाया जाता है, तो पहले समझाया जाएगा, इसके बावजूद नहीं मानने पर सामाजिक बहिष्कार जैसे कदम उठाए जाएंगे।

जानकारी के अनुसार, रांची जिले के रातू थाना क्षेत्र निवासी आरिफ आंसारी पर आरोप है कि उसने छोटा चांपी गांव निवासी सूलेंद्र लोहरा की 21 वर्षीय पुत्री अनिता कुमारी को बहला-फुसलाकर शादी और धर्मांतरण के उद्देश्य से दो माह पूर्व अपहरण कर लिया। पीड़िता के परिजनों एवं ग्रामीणों ने पुसो थाना पहुंचकर आरोपी के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। आवेदन में बताया गया कि आरोपी परिवार को धमकाता था तथा लालच देकर घर में संपर्क बढ़ाया था। परिजनों ने पुलिस प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## भरनो में धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती

# शैक्षणिक संस्थानों और स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यक्रम आयोजित कर समानता व शिक्षा पर दिया गया जोर

नवीन मेल संवाददाता

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न संस्थानों में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर प्रखंड के विभिन्न शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यक्रम आयोजित कर बाबा साहेब को याद किया गया। भाजपा मंडल कार्यालय भरनो में कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। वहीं सीताराम साव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर एवं ललित उरांव मेमोरियल इंटर स्कूल में शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो में आयोजित कार्यक्रम में चिकित्सा प्रभारी डॉ. जाहिद अख्तर आंसारी, डॉ. आनंद लाल, डॉ. ज्योति कुजूर तथा पत्रकार सुनील रवि सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने बाबासाहेब को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस मौके पर डॉ. जाहिद अख्तर आंसारी ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने अपना पूरा जीवन समाज में समानता, न्याय और अधिकार दिलाने के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने विषम परिस्थितियों में भी उच्च शिक्षा प्राप्त कर यह सिद्ध किया कि शिक्षा ही व्यक्ति के जीवन को बदलने की सबसे बड़ी शक्ति है।

पत्रकार सुनील रवि ने कहा कि बाबासाहेब ने छुआछूत और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाते हुए दलितों, वंचितों और कमजोर वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उनका सपना एक ऐसे भारत का था, जहां सभी को समान अधिकार और सम्मान मिले।

कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी उनके आदर्शों को जीवन में उतारने का आह्वान किया। इस अवसर पर सुजीत कुमार, सना परवीन, सुप्रिया कुमारी, प्रेम प्रसाद, मुरारी केशरी, श्रीकांत केशरी, शंभू केशरी, हेमंत केशरी, विद्यालय के प्राचार्य सुरेश कुमार राय, विनय कुमार केशरी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एनएच-23 पर भीषण सड़क हादसा, दो गंभीर घायल

**भरनो (गुमला)।** एनएच-23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर भरनो थाना क्षेत्र के नवाटोली पुल के समीप मंगलवार देर रात एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार फौरी गांव से रांची जा रही एक कार चालक को झपकी आने के कारण अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में आरती कुमारी (26) और मनोहर एक्का (60) गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि अन्य यात्रियों को हल्की चोटें आईं। सूचना मिलते ही भरनो थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायलों को बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित रिम्स रेफर किया गया है। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

